**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 21 जुलाई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)**

**********************************************************************

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संसदीय दल की आज संसद भवन के जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम में हुई बैठक 'मंगल मिलन' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने पर बधाई देने वाला प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने देश में भविष्य की परीक्षाओं में पेपर लीक रोकने के लिए सभी संबंधित पक्षों से मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने नीट परीक्षा पेपर लीक में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और देश के युवाओं के हितों की रक्षा करने के सरकार के संकल्प को दोहराया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल ही में हुए नीट पेपर लीक मामले में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और 13 आरोपी अभी जेल में हैं। श्री रिजिजू ने बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा कि जिम्मेदार लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

श्री रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन मुक्त व्यापार समझौतों के बारे में भी बात की जो भारत ने कई देशों के साथ किए हैं। बैठक के दौरान, श्री मोदी ने कहा कि हर मुक्त व्यापार समझौते में भारतीय किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी समझौते किसानों के कल्याण और राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर किए गए हैं।

संसद के मॉनसून सत्र का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए विधेयकों को पारित कराने में रचनात्मक और सकारात्मक भूमिका निभाएगा। श्री रिजिजू ने विपक्षी दलों से संसद में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि भले ही राजनीतिक मतभेद हों, लेकिन सभी सांसद देश की सेवा करने, उसके भविष्य की रक्षा करने और युवाओं के कल्याण के लिए काम करने के लिए चुने गए हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से व्यापक राष्ट्रीय हित में मिलकर काम करने का आह्वान किया।

**********************************************************************

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में किसानों के दिल्ली कूच के मद्देनजर शंभू बॉर्डर को बंद कर दिया गया है। इसके चलते अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए  है। अंबाला पुलिस द्वारा लोगों को आवाजाही में परेशानी से बचाने के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है।

शंभू बॉर्डर के बंद होने के कारण, दिल्ली और पंजाब के बीच यात्रा करने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं।दिल्ली से पंजाब आने वाले वाहन लालड़ू या डेरा बस्सी से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करके पंजाब जा सकते हैं।इसी तरह पंजाब से दिल्ली जाने वाले वाहन राजपुरा, लालड़ू, डेराबस्सी से भी वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करके अंबाला छावनी और फिर दिल्ली जा सकते हैं।

किसी भी आपातकालीन स्थिति में, सहायता प्राप्त करने के लिए यात्री डायल 112 पर संपर्क कर सकते हैं।

**********************************************************************

मौसम विभाग के चंडीगढ़ कार्यालय ने कहा है कि आज और कल पूरे क्षेत्र में व्यापक बारिश होगी। इस दौरान हालांकि कुछ जगह बारिश हल्की से मध्यम रहेगी, वहीं पंजाब और हरियाणा के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में कुछ जगहों पर भारी से बहुत भारी, 12 सेमी से अधिक बारिश होने की संभावना है। मानसून के इस दौर को देखते हुए, उचित सावधानी और सुरक्षा उपाय करने की सलाह दी गई है।

मौसम विभाग ने कहा है कि पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 23 तारीख को भी कई जगहों पर और उसके बाद कुछ जगहों पर बारिश होने की संभावना है।23 जुलाई को कुछ जगहों पर बहुत भारी बारिश होने  का अनुमान भी लगाया गया है।

**********************************************************************

हरियाणा सरकार ने कहा है कि राज्य में कौशल विकास को नई गति देने के लिए पीएम-सेतु योजना के तहत 12 हब-एंड-स्पोक क्लस्टरों में 60 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों - आईटीआई को अपग्रेड किया जाएगा। इस पर 2,892 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में पीएम-सेतु योजना की राज्य स्तरीय संचालन समिति की पहली बैठक में बताया गया कि प्रस्तावित 12 क्लस्टरों में से कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा कुरुक्षेत्र, कलायत, पलवल, छारा, सोनीपत, मडलौडा तथा बेरली कलां सात क्लस्टरों की पहचान की जा चुकी है।